## महत्वपूर्ण एवं खास

### देशी मदिरा काउंटर बिक्री 31 मई से

**रायगढ़ ।** कोरोना महामारी से बचाव हेत शासन द्वारा समय-समय पर जारी एसओपी का अनिवार्य रूप से पालन करते हुये कलेक्टर भीम सिंह ने रायगढ़ जिले की समस्त देशी मदिरा दुकानों से नगद भुगतान उपरांत मदिरा विक्रय हेतु 31 मई 2021 से खोलने की अनुमति दी है। केवल देशी मदिरा का ही काउंटर से विक्रय किया जायेगा।

### धरमजयगढ़ के तालाब में मछली पालन के लिये 3 जून को ओपन बोली

**रायगढ़ ।** शासकीय उद्यान रोपणी धरमजयगढ़ के स्वामित्व की जेल तालाब को मछली पालन एवं आखेट की नीलामी 3 वर्ष 2021-22 से 2023-24 के लिये किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति 3 जून 2021 अपरान्ह 3 बजे ओपन बोली प्रक्रिया में भाग ले सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिये उद्यान अधीक्षक शासकीय उद्यान रोपणी धरमजयगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### दहेज प्रताड़ना, मामला दर्ज

**महासमुंद (आरएनएस)।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम जीराडबरी निवासी एक महिला ने अपने पति, सास, ससुर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है। मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। बसना पुलिस के अनुसार शशिरेखा भोई हाल निवास ग्राम चिरौली पोस्ट गौरमाल थाना जगदलपुर तहसील झारबंद जिला बरगढ़ ओड़िशा है। उसने बताया कि उसके पति राहुल उर्फ बंटी भोई, सास-ससुर शारीरिक, मानसिक एवं दहेज की मांग कर प्रताड़ित करते हैं। 11 अप्रैल 2019 को शादी के बाद से ससुराल वाले मानसिक रूप से प्रताड़ित कर दहेज की मांग करने लगे। साथ ही महिला ने बताया कि उसके पति की पहले ही शादी हो चुकी है।

### डबरी में मिला युवक का शव

**महासमुंद (आरएनएस)।** बसना ब्लॉक के ग्राम दलदली के निजी डबरी में शव मिलने से सनसनी फैल गई। गुरुवार सुबह पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भंवरपुर चौकी प्रभारी उमाकांत तिवारी ने बताया कि वीणाधर सिदार पिता नारायण सिदार (34) गत 24 मई को रात 8 बजे अपनी पत्नी रुक्मणी को आत्माराम के यहां सोने जा रहा हूं कहकर गया था, उनकी लाश 26 मई को गांव के बाहर आत्माराम की डबरी में मिली। जानकारी के अनुसार मृतक वीणाधर नशे का आदी था, उनकी दिमागी हालत भी ठीक नहीं थी। फिलहाल मौत का कारण पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा।


### प्रदेश में मौसम आज शुष्क रहा, अगले 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर अंधड़ व गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में शनिवार को मौसम शुष्क रहा है, हालांकि 24 घंटे के दौरान प्रदेश में कुछ स्थानों पर अंधड़ चलने एवं गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना अभी भी बनी हुई है। मौसम विभाग के स्थानीय कार्यालय से आज मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में मौसम आज पूरी तरह शुष्क रहा, वहीं कई संभागों में अधिकतम तापमान में वृद्धि भी दर्ज की गई। सरगुजा और दुर्ग संभागों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, वहीं शेष संभागों में विशेष परिवर्तन नहीं हुए। आज प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 43 डिग्री राजनांदगांव जिला में रहा। राजधानी रायपुर और दुर्ग जिले में अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री रहा।

# कोविड के प्रभावों को कम करने और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वर्चुअल योगाभ्यास एवं योग परामर्श कार्यक्रम का होगा आयोजन

» 31 मई से दो पालियों में कराया जायेगा योगाभ्यास

» सोशल मीडिया में होगा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण




**रायगढ़ ।** छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा कोविड-19 की भौतिक चिकित्सा से स्वस्थ हुए व्यक्तियों, होम आइसोलेशन एवं क्वारेंटाइन में रह रहे व्यक्तियों, उनके परिवार के सदस्यों, वैक्सीन का प्रथम डोज ले चुके व्यक्तियों एवं वरिष्ठ नागरिकों सहित जन सामान्य में कोविड-19 के प्रभावों को कम करने एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से वर्चुअल योगाभ्यास एवं योग परामर्श कार्यक्रम का आयोजन 31 मई अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस से निरंतर किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रतिदिन दो पालियों में प्रातः एवं शाम को आयोजित होगी। जिसका सोशल मीडिया में लाइव प्रसारण भी किया जाएगा।

समाज कल्याण मंत्री एवं छत्तीसगढ़ योग आयोग की अध्यक्ष श्रीमती अनिला भेंडिया के निर्देशन में संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन वर्चुअल माध्यम से दो चरणों में किया जाएगा। जिसमें प्रथम चरण अंतर्गत राज्य संसाधन एवं पुनर्वास केन्द्र माना कैम्प रायपुर में स्थापित रिकार्डिंग रूम में छत्तीसगढ़ योग आयोग के योग प्रशिक्षक एवं समाज कल्याण विभाग से संबंध फिजियोथेरैपिस्ट प्रत्यक्ष उपस्थित होकर प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक एवं शाम 6 बजे से शाम 7 बजे तक दो पालियों में योगाभ्यास एवं ब्रिदिंग का अभ्यास कराएंगे। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण छत्तीसगढ़ योग के फेसबुक पेज (https://www.Facebook.com/chhattisarhYogAayog) एवं यू-ट्यूब चैनल (https://youtube.com/channel/UCWGvHhPOpc4zxHVt8qCcUuQ) पर

इस्टाग्राम https://www.instagram.com/invites/contact/?i=1xqvw1oizkujw&utm_content=m676rw1 तथा ट्वीटर पर https://mobile.twitter.com/home?lang=en किया जाएगा। योगाभ्यास समाप्त होने के पश्चात् वीडियो स्वतः ही फेसबुक एवं यू-ट्यूब चैनल में अपलोड हो जाएगा। जिसें लक्षित हितग्राहियों एवं जन सामान्य द्वारा किसी भी समय देखा जा सकता है।

द्वितीय चरण अंतर्गत योग प्रशिक्षक हितग्राहियों को अपने घरों से ही जूम एप्प/गुगल मीट/सिस्को वेबएक्स आदि ऑनलाइन एप्प के माध्यम से लाइव योगाभ्यास कराएगें। सभी योग प्रशिक्षकों के लिए अलग-अलग योगाभ्यास लिंक योग आयोग द्वारा तैयार कर व्हाट्सएप्प/टेक्स्ट मैसेज के द्वारा भेजा जायेगा। कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु हितग्राहियों को ऑनलाइन पंजीयन कराना होगा। ऑनलाइन पंजीकृत हिग्राहियों में से लिंक, आयु वर्ग के अनुसार वर्गीकृत हितग्राहियों को आयोग के योग प्रशिक्षक 5 से 10 अथवा इससे अधिक व्यक्तियों का समूह बनाकर वर्चुअल योगाभ्यास कराएंगे। योग प्रशिक्षण की अवधि 45 मिनट की होगी। जिसमें हितग्राही अपने योग प्रशिक्षण से योगाभ्यास एवं योग परामर्श प्राप्त कर सकेंगे।

# किशारी का शारीरिक शोषण करने वाला आरोपी गया जेल



**खरसिया।** थाना खरसिया क्षेत्र की बालिका दिनांक 27/05/2021 को अपने परिजनों के साथ आकर उसके गांव के सनत कुमार पटेल उम्र 31 वर्ष थाना खरसिया के विरूद्ध शारीरिक शोषण की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीडिता बताई कि करीब 4 माह पहले सनत कुमार पटेल अपना मोबाइल नम्बर देकर बोला कि जरूरी बत करना है। उसके बाद सनत कॉल कर पसंद करता हूं बोला और माह फरवरी में जब घर पर कोई नहीं थे, तब शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद और कई बार सनत कुमार मोबाइल की फोटो वायरल करने की धमकी देकर संबंध बनाया। दिनांक 24/02/2021 को सनत अपने घर बुलाया मना करने पर फोटो वायरल करने की धमकी दिया, तब उसके घर गई। सनत के घर से जीजा को कॉल कर बताई। तब जीजा और मां-पिता सनत के घर आये। तब सनत माफी मांगा, घरवाले भी लोकलॉज के कारण थाने में रिपोर्ट नहीं किये थे। दिनांक 21/05/2021 को घर पर कोई नहीं थे तो सनत फिर घर आ गया था, तब घरवालों को बताई और रिपोर्ट दर्ज कराई, रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 366-ए,376 आईपीसी 4, 6 पास्को एक्ट का अपराध दर्ज कर आरोपी को आज गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है , जहां जेल वारंट पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया है।

# हाईवे व शहर अंदर ब्रीथ एनालाइजर से शराब पीकर वाहन चालने वालों की हो रही जांच

» कोतवाली पुलिस की चेकिंग में डिजायर कार व बाइक चालक आये पकड़ में



**रायगढ़।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने पुलिस अधीक्षक रायगढ़ संतोष कुमार सिंह द्वारा हाईवे, मुख्य मार्गो के साथ ही टाऊन के भीतर प्रतिदिन मुख्य चौक-चौराहों पर मोटर व्हीकल एक्ट के दौरान ब्रीथ एनालाइजर से वाहन चालकों के जांच कर कार्यवाही के निर्देश सभी थाना, चौकी प्रभारियों को दिए गए हैं।

इसी क्रम में आज दिनांक 29/05/2021 को कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष नागर व स्टाफ द्वारा टाउन भ्रमण कर ढिमरापुर चौक के पास वाहनों की चेकिंग की गई, इस दौरान डिजायर कार सीजी-11 एपी-5091 के चालक अश्वनी एक्का पिता लावरेंस एक्का निवासी केलो विहार कॉलोनी रायगढ़ तथा मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी-13-यूजे-6712 के चालक आशिक मिंज पिता सिप्रेयन मिंज उम्र 23 वर्ष निवासी रामभांठा रायगढ़ को शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पकड़े। कार के चालक अश्वनी एक्का पर धारा 184, 185 मोटर व्हीकल एक्ट तथा बाइक के चालक आशिक मिंज पर धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत इस्तगासा तैयार किया गया है, जिसे शीघ्र न्यायालय पेश किया जावेगा।

विदित हो कि इसके पूर्व रायगढ़ यातायात पुलिस एवं थानों द्वारा धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत न्यायालय पेश किए गए, इस्तगासा पर वाहन चालकों पर माननीय न्यायालय द्वारा 10,000 रुपए का अर्थदंड किया गया है।

# पति-पत्नी में मनमुटाव के बाद, शिकायत लेकर पुलिस रक्षा टीम के पास पहुंची विवाहिता

» पुलिस महिला रक्षा टीम कराई पति-पत्नी में सुलह, पति साथ रखने को हुआ राजी



**रायगढ़।** शनिवार को सारंगढ़ क्षेत्र की रहने वाली महिला उसके पति, ससुरालवालों पर दहेज के नाम पर प्रताड़ित कर घर से निकालने की शिकायत लेकर पुलिस महिला रक्षा टीम, रायगढ़ के कार्यालय आई। महिला से विस्तृत जानकारी लेकर महिला रक्षा टीम प्रभारी प्रधान आरक्षक मंजू मिश्रा द्वारा महिला के पति व घरवाले जो जूटमिल क्षेत्र में रहते हैं, उन्हें अपने कार्यालय बुलाई। रक्षा टीम प्रभारी दोनों पति-पत्नी को आमने-सामने कर उनसे झगड़ा विवाद का कारण का पता लगाई, जिस पर दोनों पति-पत्नी के बीच किसी अन्य महिला के आ जाने से इनके मधुर रिश्ते में खटास आ रही थी। महिला रक्षा टीम प्रभारी द्वारा दोनों को कानूनी प्रक्रिया की जानकारी देकर अच्छे से रहने की सलाह दी और महिला के पति को अन्य महिला की संगत छोड़ परिवार पर ध्यान देने की हिदायत दी जिसके बाद महिला का पति आगे इस प्रकार वाद विवाद नहीं होने की बात कहकर अपनी पत्नी को अपने साथ ले गया। महिला रक्षा टीम प्रभारी महिला के ससुरालवालों को महिला से झगड़ा-विवाद करने पर वैधानिक कार्यवाही की चेतावनी दी गई तथा 15 दिन बाद महिला को पुनः महिला रक्षा टीम कार्यालय आकर वस्तुस्थिति से अवगत कराने कहा गया है।

# वाहन चलाते हुए ट्रेलर के ड्राइवर को आई झपकी, सामने दूसरे ट्रेलर से जा टकराई

» गैस कटर की व्यवस्था कर ड्रायवर को केबिन से सुरक्षित निकाला



**खरसिया।** शुक्रवार के रात्रि करीब 01:00 बजे डॉयल 112 खरसिया राइनो-1 को पंचमुखी मंदिर के पास दो ट्रेलर के एक्सीडेंट का इवेंट मिला। रोड़ एक्सीडेंट के इंवेट पर खरसिया राइनो-1 स्टाफ आरक्षक भगवती प्रसाद एवं ईवीआर वाहन चालक संदीप दर्शन मौके पर पहुंचे। जहां ट्रेलर क्रमांक सीजी-13-एडी-5560 का चालक अमरकांत लकड़ा पिता दिगन लकड़ा उम्र 26 वर्ष निवासी समकंदा झारखंड गलत साइड पर जाकर ट्रेलर क्रमांक सीजी13-एलए- 4993 को ठोंकर मार दिया था जिससे ड्रायवर अमरकांत लकड़ा का पैर केबिन में फंस गया था। डॉयल 112 स्टाफ और आसपास के लोग, ड्रायवर को निकालने का प्रयास कर रहे थे। उसी बीच डॉयल 112 के आरक्षक द्वारा चौकी प्रभारी नंद किशोर गौतम को दुर्घटना की जानकारी बताया कि ड्रायवर बुरी तरह से केबिन अंदर फंसा है। गैस कटर के जरिए निकाला जा सकता है। मध्य रात्रि चौकी प्रभारी चौकी के आरक्षक सोहन यादव के साथ मौके पर गैस कटर व गैस कटर मिस्त्री को साथ लेकर मौके पर पहुंचे। काफी मशक्त के बाद केबिन को काट कर ड्रायवर को बाहर निकाला गया जिसके बाद उसे सिविल अस्पताल ईलाज के लिये भेजा गया है।

# कोरोना नियमों के पालन में दो गांवों में दिखी अलग अलग स्तर की गंभीरता, तो परिणामों में भी रहा फर्क

» पिछले 2 माह में एक गांव में संक्रमण के 71 केस तो दूसरे में एक भी मामला नहीं

**रायगढ़ ।** कोरोना की शुरुआत से अब तक लगातार शासन-प्रशासन द्वारा लोगों को कोरोना के लक्षणों और इससे बचाव के तरीकों के लिये हर जरूरी और संभव प्रयास कर जागरूक किया। लोगों के घर घर तक पहुंचे और रखी जाने वाली सावधानियों और सुरक्षा को लेकर संदेश दिया। लेकिन किसी भी बात को लेकर उसके प्रति रखे जाने वाले गंभीरता से यह तय होता है कि संदेश सार्थक सिद्ध होगा या उसके दुष्परिणाम सामने आएंगे। कोरोना को लेकर एक ही विकासखंड के दो गांवों ने इस बात को हमारे सामने रखा है कि आपकी गंभीरता कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। एक गांव है जहाँ पिछले दो महीने में 71 केस आ चुके हैं जिसमें 05 लोगों को अपनी जान भी गवानी पड़ी है। वहीं उसी विकासखंड का दूसरा एक ऐसा भी गांव है जहाँ पिछले दो माह में कोरोना संक्रमण का एक भी मामला नही है।



❑ **नियमों के पालन में दिखाई लापरवाही, बढ़े मामले, 05 ने गंवाई जान**– स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी अनुसार जब विकासखण्ड बरमकेला के ग्राम सरईपाली में बड़ी संख्या में लोग कोविड पाजिटिव हुये तो कारण पता करने पर यह जानकारी मिली कि सरईपाली से 7 कि.मी. दूरी पर सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ था। जिसमें भारी भीड़ जमा हुई थी। उसी दौरान गांव का एक परिवार जो आयोजन में शामिल हुए थे उसके 4 सदस्यों को सर्दी, खांसी की समस्या हुयी। जिनका टेस्ट कराने पर सभी संक्रमित पाये गये। इनके कांटेक्ट ट्रेसिंग के बाद अन्य लोगों का टेस्ट किया गया तो संपर्क में आये एक दूसरे परिवार के तीन लोग पाजिटिव मिले। जिनमें से एक को मेडिकल कालेज में रिफर किया गया। इसके साथ ही लॉकडाउन नियमों का गंभीरता से पालन नहीं किया गया। उक्त आयोजन के पश्चात उस गांव में कोरोना संक्रमितों की संख्या 71 हो गई। जिसमें से अभी तक 05 लोगों का निधन हो गया है।

❑ **गांव बन गया एक परिवार, सबने मानी बात, इस लहर में कोई मामला नहीं**– बरगांव बरमकेला विकासखंड में स्थित है। लगभग 12-13 सौ आबादी वाले इस गांव में इस लहर में कोई भी केस नही है। सरपंच श्रीमती दिगम्बरी मालाकार से इस संबंध में बात की तो उन्होंने बताया कि गांव में सभी घरों में लोगों को कोरोना से बचाव के बारे में जागरूक किया गया। पंचायत की ओर से लोगों को मास्क का महत्व और इसको पहनने का सही तरीका बताते हुए मास्क बांटे गए। लोगों को लगातार हाथ धोने की आदत डालने के लिये प्रेरित किया गया। गांव में लोगों से सामाजिक दूरी बनाए रखने की अपील की गयी। जिसमें पूरे गांववासियों का पूरा साथ मिला। सामाजिक कार्यक्रमों में निर्धारित संख्या में ही लोग शामिल हों यह सुनिश्चित किया गया। बाहर से आने वालों को गांव में प्रवेश से पहले जांच करवायी गयी और उन्हें क्वारेन्टीन में रखा गया। इस पूरे दौरान गांव ने परिवार की भांति काम किया। गांव के बुजुर्गों और प्रतिनिधियों ने परिवार के बड़ों की भूमिका निभायी और गांव को संक्रमण मुक्त रखने की रूपरेखा बनायी तो बाकी लोगों ने उसका अक्षरशः अनुसरण किया। जिसकी बदौलत हम इस दूसरी और अधिक संक्रामक लहर के प्रभाव में आने से बचे रहे।

यह सीख है कि हमें कौन सा नजरिया रखना है जिससे हम अपने प्रियजनों को स्वजनों को इस महामारी की चपेट में आने से बचा सके। संक्रमण के अंत के लिए वायरस की इस चेन को तोड़ना सबसे जरूरी है और इसके लिए हमे अपने सुरक्षा की चेन की हर कड़ी को एक समान मजबूत रखना होगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480